प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 08.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज दूसरा दिन, सरकार 11,000 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट करेगी पेश।**

2. **नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में रांची में एनडीए विधायक दल की हुई बैठक, सदन में जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने पर बनी रणनीति।**

3. **गोवा अग्निकांड के बाद राज्य सरकार अलर्ट मोड में, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने सभी जिलों में होटलों और बार की संरचनात्मक सुरक्षा की जांच के जारी किए निर्देश।**

4. **नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में लातेहार पुलिस को मिली बड़ी सफलता, पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य लोकेंद्र यादव गिरफ्तार।**

5. **बोकारो और धनबाद में 14 दिसंबर से आयोजित होगा सांसद खेल महोत्सव, सांसद ढुलू महतो ने युवाओं से अधिक से अधिक पंजीकरण कराने की अपील की।**

****

झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज दूसरा कार्य दिवस है। आज सरकार 11,000 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट सदन में पेश करेगी। गौरतलब है कि पांच कार्यदिवस वाले सत्र के पहले दिन राज्यपाल द्वारा सत्रावधि में जारी अध्यादेशों और एटीआर की विवरणी सदन के पटल पर रखी गयीं। वहीं, शोक प्रस्ताव पेश कर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गयी। कुल पांच कार्य दिवसों का यह सत्र 11 दिसंबर तक चलेगा।

****

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में एनडीए विधायक दल की बैठक कल रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुई, जिसमें संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल, सचेतक नागेंद्र महतो सहित कई विधायक मौजूद रहे। बैठक में राज्य सरकार की विफलताओं पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि सदन में जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा।

****

गोवा के बार–रेस्टोरेंट में आगजनी की घटना में झारखंड के तीन युवकों की मौत के बाद राज्य सरकार सतर्क मोड में आ गई है। स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सभी जिलाधिकारियों को रूफटॉप और छतों पर संचालित बार, रेस्टोरेंट और होटलों की फायर सेफ्टी और संरचनात्मक सुरक्षा की तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने कहा कि वे मृतकों के परिवारों को राज्य सरकार से आर्थिक सहायता दिलाने के लिए मुख्यमंत्री से मिलेंगे।

****

जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य मंत्री और स्थानीय विधायक डॉ इरफान अंसारी ने पाँच करोड़ की लागत से बनने वाले प्लास मार्ट कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास किया। मौके पर मंत्री ने बताया कि कॉम्प्लेक्स में 40 दुकानें बनाई जाएंगी, जिन्हें बेरोजगार महिलाओं को देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने इस पहल को आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

****

नागर विमानन मंत्रालय ने आश्वस्त किया कि घरेलू विमान सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं और इंडिगो के प्रदर्शन में लगातार सुधार हो रहा है। मंत्रालय ने कहा है कि उड़ान कार्यक्रम फिर से सामान्य हो रहा है।

****

इंडिगो की उड़ानें रद्द होने के बाद यात्रियों की बढ़ती भीड़ रेलवे की ओर मुड़ गई है। इसके तहत झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स ने रांची रेल मंडल के डीआरएम को प्रमुख ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने की मांग की है। चेंबर महासचिव रोहित अग्रवाल और डीआरयूसीसी सदस्य संजय अखौरी ने कहा कि कई ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई है । उन्होंने उम्मीद जताई कि रेलवे जल्द कदम उठाकर भीड़ वाली ट्रेनों में कोच वृद्धि कर यात्रियों को राहत देगा।

****

लातेहार पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सक्रिय सदस्य लोकेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है, जो पलामू जिले के पांकी का रहने वाला है। थाना प्रभारी कृष्ण पाल सिंह पवैया के अनुसार वह क्षेत्र में ठेकेदारों से धमकी देकर लेवी वसूल रहा था और गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया ।

****

जमशेदपुर के चाकुलिया प्रखंड के चौतिया गांव में एक बार फिर मधुमक्खी पालन की नई शुरुआत की गई है।

****

राज्य के कई हिस्सों में शीतलहर का प्रकोप जारी है और आठ जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार गुमला में राज्य का सबसे कम तापमान 3.5 डिग्री, खूंटी में 5 डिग्री और राजधानी रांची में 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद का कहना है कि पश्चिमी हवाओं के कारण पारे में गिरावट आई है और अगले पांच दिनों तक शुष्क मौसम रहने की संभावना है।

****

सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 14 दिसंबर से बोकारो और धनबाद में शुरू होने जा रहा है। कल बोकारो में पत्रकारों से बातचीत करते हुए धनबाद के भाजपा सांसद ढुलू महतो ने जानकारी दी कि यह महोत्सव युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक बड़ा मंच प्रदान करेगा और अवसर मिलने पर युवा हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

****

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी अखबारों ने अलग अलग खबरों को अपने पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

दैनिक भास्कर ने जमीन घोटाले मामले में लिखा है निलंबित आईएएस विनय चौबे की पत्नी से 10 घंटे पूछताछ, नहीं दिया सवालों का संतोषजनक जवाब।

प्रभात खबर की सुर्खी है–परीक्षा फीस के अलावा ऑनलाइन के नाम पर अतिरिक्त 60 रुपये भी लेगा जैक।

हिंदुस्तान के भाब्द हैं–सर्द हवाओं से ठिठुरा झारखंड, चार दिन पाला गिरने के आसार।

और **दैनिक जागरण के शब्द है**–झारखंड विधानसभा में आज पेश होगा द्वितीय अनुपूरक बजट।

**********समाप्त****************